Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6364	11.10.2021	12.10.2021	Kota Rajasthan	www.prachand.in/Hindi https://prachand.in/in-kota-240-cases-of-dengue-29-patients-of-scrub-typhus-were-also-reported-in-10-days-dengue-is-spreading-at-twice-the-speed-as-compared-to-the-year-2019kota-rajasthan-20211011
Title:	**240 cases of dengue and 29 cases of scrub typhus were reported in 10 days in district Kota, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Kota, SSU – Rajasthan			

कोटा में 10 दिन में डेंगू के 240 केस, स्क्रब टाइफस के भी 29 मरीज सामने आए, साल 2019 के मुकाबले दुगुनी रफ्तार से फैल रहा डेंगू

जिले में मच्छरजनित बीमारियों का कहर बढ़ता जा रहा है।डेंगू का डंक व स्क्रब टायफस लोगों बीमार करने लगा है। चिकित्सा विभाग की टीम घर घर सर्वे कर एंटी लार्वा एक्टिविटी कर रही है। उसके बाद भी मच्छर जनित बीमारी के केस लगातार बढ़ते जा रहे है। अस्पतालों की ओपीडी में इजाफा हुआ है। जबकि जांच कराने वाले लोगों की भी संख्या बढ़ गई है। रविवार को सीजन में पहली बार एक दिन में डेंगू के रेकॉर्ड 35 केस सामने आए है। इस साल जिले में डेंगू का आंकड़ा 500 के पार हो गया है। डेंगू की चपेट में आने से मरीज की प्लेटलेट्स डाउन हो रही है। ऐसे में एसडीपी की डिमांड बढ़ने लगी है।

दुगुनी रफ्तार से बढ़ रहा डेंगू

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

अक्टूबर 2019 के मुकाबले इस साल अक्टूबर महीने में डेंगू दुगुनी रफ्तार से फैल रहा है। अक्टूबर के 10 दिन में ही 240 डेंगू के केस सामने आ चुके है। यानि औसत रोज 24 केस मिल रहे है। जबकि अक्टूबर 2019 में 400 के करीब डेंगू के केस मिले थे।

डेंगू के आंकड़े

शहर के हर हिस्से से मिल रहे मरीज

शहर के हर इलाके में डेंगू का कहर देखने को मिल रहा है। चिकित्सा विभाग ने घर घर सर्वे अभियान छेड़ रखा है। लोगों के घरों में डेंगू का लार्वा मिलने पर नोटिस दिए जा रहे है। इधर शहरी इलाको से भी स्क्रब टाइफस पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे। बीते 10 दिन में ही 29 केस सामने आ चुके है। जबकि सीजन में 70 के करीब केस सामने आ चुके है।

एक ओर शहर भौतिक विकास कर स्मार्ट सिटी की श्रेणी में खडा है, दूसरी ओर जगह जगह खाली प्लॉट में भरा पानी और जमा गंदगी स्मार्ट सिटी की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। शहर के नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड 30 में स्थित एलआइसी बिल्डिंग के पीछे पानी से भरे प्लॉट बीमारियों को खुला निमंत्रण दे रहे हैं।

कैसे कंट्रोल हो?

शहर के कई प्लाट में पानी भरा है। नगर निगम व यूआईटी के पास उनमें एमएलओ डलवाने के अलावा कोई पुख्ता इंतजाम नही है। चिकित्सा विभाग केवल घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस दे रहा है। लेकिन नगर निगम व यूआईटी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा।